# MP BOARD CLASS 11 PAPER 2016
# अर्थशास्त्र : कक्षा XI

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए— $5 \times 1 = 5$

(अ) आधुनिक भारतीय अर्थशास्त्र के जनक कौन कहे जाते हैं—
(i) दादाभाई नौरोजी (ii) डॉ. राममनोहर लोहिया
(iii) कौटिल्य (iv) एडम स्मिथ।

(ब) 'हिन्दू इकोनॉमिक्स' एवं 'इकोनॉमिक थ्योरी ऑफ सर्वोदय' नामक पुस्तकें किसने लिखी हैं ?
(i) एम. जी. बोकरे (ii) सी. एन. वकील
(iii) महात्मा गाँधी (iv) जे. के. मेहता।

(स) अरस्तू ने अर्थशास्त्र को क्या कहा है ?
(i) राजनीति (ii) गृह प्रबन्ध (iii) धर्मशास्त्र (iv) राजस्व।

(द) शीतगृह में रखे फल व सब्जी कैसा उपभोग है ?
(i) शीघ्र उपभोग (ii) वर्तमान उपभोग
(iii) अन्तिम उपभोग (iv) स्थगित उपभोग।

(इ) मानव की आवश्यकताओं की सन्तुष्टि के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं का प्रत्यक्ष एवं अन्तिम प्रयोग क्या कहलाता है ?
(i) उपभोग (ii) उत्पादन (iii) विनिमय (iv) वितरण।

उत्तर—(अ) (i), (ब) (i), (स) (ii), (द) (iv), (इ) (i)।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— $5 \times 1 = 5$

(अ) अर्थशास्त्र की आवश्यकताविहीनता सम्बन्धी परिभाषा ………… ने दी है।
(ब) आर्थिक संवृद्धि का सम्बन्ध ………… राष्ट्रों से होता है।
(स) योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष ………… होता है।
(द) वर्तमान में केवल ………… क्षेत्र या श्रेणी के उद्योग ही सार्वजनिक उपक्रम के रूप में आरक्षित हैं।
(इ) कुछ अर्थशास्त्री 1966–69 तक की अवधि को योजना ………… की संज्ञा देते हैं।

उत्तर—(अ) प्रो. जे. के. मेहता, (ब) विकसित, (स) प्रधानमंत्री, (द) तीन, (इ) अवकाश।

3. सत्य/असत्य बताइए— $5 \times 1 = 5$

(अ) वर्तमान में भारत में टेलेक्स सेवा बन्द कर दी गई है।
(ब) पोस्टल इन्डेक्स नम्बर (PIN) भारत में सन् 2000 में प्रारम्भ की गई।
(स) मध्य प्रदेश में जैविक खेती को बायोफार्मिंग के नाम से लागू किया गया था।
(द) सरकार ने पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 'एगमार्क योजना' प्रारम्भ की है।
(इ) भारत देश के जलीय संसाधनों में प्रदूषण के प्रमुख स्रोत कार्बनिक एवं बैक्टीरिया नहीं हैं।

उत्तर—(अ) असत्य, (ब) असत्य, (स) सत्य, (द) असत्य, (इ) असत्य।

4. सही जोड़ी बनाइए— $5 \times 1 = 5$

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (अ) महाजन, व्यापारी | (i) समान्तर माध्य |
| (ब) केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप | (ii) प्रगणक |
| (स) बहुवचन में सांख्यिकी | (iii) NSSO |

(द) अनुसूची (iv) साख के गैर-संस्थागत स्रोत

(इ) राष्ट्रीय आय की गणना एवं सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण (v) समंक

उत्तर–(अ) → (iv), (ब) → (i), (स) → (v), (द) → (ii), (इ) → (iii)।

5. **एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए–** 5 × 1 = 5

(अ) मध्य प्रदेश राज्य में 'पढ़ना-बढ़ना' कार्यक्रम किस सन् में प्रारम्भ किया गया ?

(ब) 'मनरेगा' का पूरा नाम लिखिए।

(स) प्रति 1000 पुरुषों के अनुपात में स्त्रियों की संख्या को क्या कहते हैं ?

(द) जनगणना 2011 के अनुसार भारत में साक्षरता दर कितनी है ?

(इ) मध्य प्रदेश राज्य में सर्वाधिक साक्षरता दर वाला जिला कौन-सा है ?

**उत्तर**–(अ) 1999, (ब) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम, (स) लिंग अनुपात, (द) 74·04, (इ) जबलपुर।

6. उपयोगिता की परिभाषा दीजिए। ***अथवा*** 2

ह्रासमान प्रतिफल नियम या परिवर्तनशील अनुपातों के नियम का अर्थ लिखिए।

7. बारहवीं पंचवर्षीय योजना कब प्रारम्भ हुई ? इसका मुख्य उद्देश्य बताइए। 2

***अथवा***

वैश्वीकरण को परिभाषित कीजिए।

8. सहकारी विपणन का क्या आशय है ? 2

***अथवा***

जैविक खेती का अर्थ समझाइए।

9. साक्षरता को परिभाषित कीजिए। ***अथवा*** 2

भारत में लिंगानुपात में गिरावट के दो कारण दीजिए।

10. बहुलक या भूयिष्ठिक का अर्थ लिखिए। 2

***अथवा***

बहुलक के दो दोष बताइए।

11. प्रो. मार्शल एवं प्रो. रॉबिन्स की अर्थशास्त्र की परिभाषा में चार अन्तर दर्शाइए। 4

***अथवा***

प्राचीन भारतीय आर्थिक विचारों की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

12. सतत् विकास का अर्थ एवं तीन उद्देश्य समझाइए। 4

***अथवा***

मानव विकास सूचकांक का अर्थ एवं उसके तीन संघटक समझाइए।

13. ऊर्जा के परम्परागत स्रोत तथा गैर-परम्परागत स्रोतों में कोई चार अन्तर कीजिए। 4

***अथवा***

व्यापारिक ऊर्जा एवं गैर-व्यापारिक ऊर्जा में कोई चार अन्तर कीजिए।

14. एक देश के आर्थिक विकास में मानव पूँजी की भूमिका किन्हीं चार बिन्दुओं पर समझाइए। ***अथवा*** 4

भारत में निर्धनता को दूर करने हेतु कोई चार उपाय सुझाइए।

15. **निम्न पर टिप्पणी लिखिए–** 4

(अ) मौसमी बेरोजगारी, (ब) शिक्षित बेरोजगारी।

***अथवा***

भारत में स्फीति कीमत वृद्धि के कोई चार कारण समझाइए।

16. कृषि विविधीकरण से क्या आशय है ? इसके कोई तीन लाभ समझाइए। 4

*अथवा*

संघृतिशील या सतत् आर्थिक विकास हेतु कोई चार उपाय सुझाइए।

17. द्वितीयक समंकों के प्रयोग से पूर्व ली जाने वाली कोई चार सावधानियाँ सुझाइए। 4

*अथवा*

सांख्यिकी की कोई चार सीमाएँ समझाइए।

18. राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में से अर्थशास्त्री किसे आर्थिक विकास का श्रेष्ठ सूचक मानते हैं ? कारण सहित व्याख्या कीजिए। 5

*अथवा*

देश के हित में आर्थिक विकास का महत्त्व किन्हीं पाँच बिन्दुओं के आधार पर समझाइए।

19. भारत में निजीकरण का अर्थ एवं इसके चार उपायों का वर्णन कीजिए। 5

*अथवा*

भारत में आर्थिक नियोजन के किन्हीं पाँच उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

20. भारत के लिंगानुपात में सुधार हेतु किये गये किन्हीं पाँच सरकारी उपायों की व्याख्या कीजिए। 5

*अथवा*

अन्तर्राष्ट्रीय प्रवसन का अर्थ लिखिए। इसके दो लाभ एवं दो हानियाँ भी समझाइए।

21. वर्गीकरण तथा सारणीयन में अन्तर कीजिए। 5

*अथवा*

समंकों के चित्रमय प्रदर्शन की कोई पाँच उपयोगिताएँ समझाइए।

22. **निम्न समंकों से माध्यिका ज्ञात कीजिए—** 5

| अंक | 25 | 30 | 35 | 40 | 45 | 50 | 55 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 12 | 8 | 13 | 11 | 9 | 4 | 6 |

*अथवा*

**निम्न समंकों से समान्तर माध्य की गणना कीजिए—**

| वर्ग | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 6 | 5 | 8 | 15 | 6 |

23. पूँजी निर्माण का अर्थ एवं इसके कोई पाँच महत्त्व समझाइए। 6

*अथवा*

उपभोक्ता की बचत का अर्थ लिखिए तथा उसका चित्र द्वारा स्पष्टीकरण कीजिए।

24. किसी देश की अर्थव्यवस्था में परिवहन के किन्हीं तीन आर्थिक तथा तीन सामाजिक महत्त्वों की व्याख्या कीजिए। 6

*अथवा*

सरकार द्वारा शिक्षा में सुधार हेतु किये गये निम्न उपायों को लागू करने की केवल तिथि तथा उनका केवल एक उद्देश्य दीजिए (प्रत्येक हेतु)—

(i) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, (ii) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम,
(iii) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना, (iv) सर्वशिक्षा अभियान,
(v) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन, (vi) कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय।